क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473001

Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक /154/ परीक्षा /क्रा.ता.वि. /2026 गुना, दिनांक 04/11/2026

// अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक पद्धति के स्नातक **B.A./ B.Sc.** (**SOS**) एवं महाविद्यालयीन नियमित / असंस्थागत पूरक परीक्षा **B.A./ B.Com./ B.Sc./ B.B.A./ B.Com.[Human Resource Operation for MEPSC(HR)] / B.Sc. (Pharmaceutical Manufacturing & Quality द्वितीय वर्ष (NEP) पूरक परीक्षा सितंबर 2026** की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन –पत्र प्रस्तुत करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती है:-

क्र.	विवरण	परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि
1	परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ महाविद्यालय/ अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	17/11/2026
2	परीक्षा आवेदन-पत्र महाविद्यालय/ अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	20/11/2026

परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :-

B.A./ B.Sc. (SOS) एवं B.A./ B.Com./ B.Sc./ B.B.A. / B.Com.[Human Resource Operation for MEPSC(HR)] / B.Sc. (Pharmaceutical Manufacturing & Quality	**पूरक परीक्षा हेतु लिए जाने वाले शुल्क का विवरण (प्रति विषय)**
परीक्षा शुल्क	861/-
परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क	80/-
अग्रेषण शुल्क , परीक्षा संचालन शुल्क विश्वविद्यालयीन भाग	85/-
कुल योग परीक्षा शुल्क	**1026/-**

विशेष नोट :- उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क तथा परीक्षा संचालन शुल्क का महाविद्यालयीन भाग रूपये 215/- प्रति छात्र संबंधित अध्ययनशाला / महाविद्यालय के द्वारा परीक्षार्थी से अध्ययनशाला / महाविद्यालय में जमा कराया जायेगा।

नोट :-

1. परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये है आप एमपी ऑनलाईन के G2G Login ID से महाविद्यालय Approved के उपरांत डाउनलोड कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं ।
2. अधिकृत महाविद्यालय के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि छात्र के विषय एवं उसकी पात्रता नियमानुसार है अथवा नहीं ? यदि किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन-पत्र पात्रता न होने बावजूद भी अग्रेषित किया जाता है तो

उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी ।

3. अधिकृत महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं छात्रों को सूचित किया जाता है कि यह अंतिम अवसर है इसके उपरांत तिथियों में कोई परिवर्तन करना संभव नहीं होगा । ऐसे समस्त छात्र निर्धारित तिथि में ही अपना परीक्षा आवेदन – पत्र भरना सुनिश्चित करें । यदि निर्धारित तिथि में छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य एवं स्वयं छात्रों की होगी ।
4. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन किये बिना किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म संबंधित अध्ययनशाला / महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जाये।
5. संबंधित अध्ययनशाला / महाविद्यालय द्वारा प्रेषित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन के बिना मान्य नहीं किये जावेगें ।
6. यदि इस संबंध में बिना अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पंजीयन के परीक्षा फॉर्म प्रेषित अथवा स्वीकृत किये जाते है तो संपूर्ण जबावदेही संबंधित अध्ययनशाला / महाविद्यालय की होगी ।
7. परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर ABC ID भरा जाना है । महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र Approve करते समय ABC ID को सत्यापित करने की संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अध्ययनशाला / महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य का होगा । परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ ABC ID की कम्प्यूटर जनरेटेड प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)

प्रतिलिपि :-

1. संपादक महोदय दैनिक ..... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिूसचना को अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।
2. श्रीमान आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
3. निज सहायक, माननीय कुलगुरू महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
4. प्राचार्य, समस्त शासकीय / अशासकीय/ सम्बद्ध महाविद्यालय, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
5. सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
6. पूछताछ कक्ष, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना।
7. ..... प्रभारी आई.टी. सेल, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें ।

8. परीक्षा शाखा वास्ते रिकार्ड ।
9. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।

परीक्षा नियंत्रक

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)